समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Thursday, 24 September 2026

# जयपुर | सहकार एवं रोजगार उत्सव मे अंमित शाह की उपस्थिति, “सहकारिता से समृद्धि” की प्रदर्शनी का किया अवलोकन

Publisher

Published on 18 Jul 2025

संवाददाता राजेश

चौधरी जयपुर

राजस्थान

**जयपुर, राजस्थान | 18 जुलाई 2025:**

जयपुर के दादिया में आयोजित **सहकार एवं रोजगार उत्सव** में आज एक गौरवशाली क्षण देखने को मिला, जब **माननीय केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह** जी ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति से आयोजन की शोभा बढ़ाई। उनके साथ **राजस्थान के मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा** भी मंच पर उपस्थित रहे।

इस अवसर पर श्री अमित शाह ने “**सहकारिता से समृद्धि**” की अवधारणा को प्रतिबिंबित करती **प्रदर्शनी का अवलोकन** किया और प्रतिभागी प्रतिनिधियों से संवाद भी किया। उन्होंने सहकारिता क्षेत्र में हो रहे नवाचारों और रोजगार सृजन की दिशा में किए जा रहे कार्यों की **खुले दिल से सराहना** की और सभी प्रतिभागियों को **उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं** दीं।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने इस अवसर पर कहा,

> “राजस्थान सरकार सहकारिता आंदोलन को जन-जन तक पहुंचाने के लिए संकल्पबद्ध है। यह उत्सव ग्रामीण विकास और आत्मनिर्भरता की दिशा में एक बड़ा कदम है।”

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.